# प्लेटिनम जुबली महोत्सव में गुंजा विश्व अेकता का आवाज

**अमरेली ।** ब्रह्माकुमारी संस्था के गौवरवशाली ७५ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में फोरवर्ड स्कूल के मेदान में प्लेटिनम जुबली महोत्सव का आयोजन किया गया। जीस में दीप प्रजवल्लन के लिए ७५ डोक्टर्स और ७५ वी.आई.पी. आये। और इस महोत्सव का दीप प्रजवल्लन कर उद्घाटन करते हुए भावनगर सब-झोन की संचालिका ब्र.कु. तृप्तिबहन ने कहा कि अनेक परिवार की अेक सोसायटी बनती है, और अनेक सोसायटी का शहर या नगर बनता है, जिसका प्रमुख अेक ही होता है,अनेक शहर या नगर से राज्य बनता है जिसका मुख्य मंत्री अेक ही होता है , और अनेक राज्य से देश बनता है जिसका राष्ट्रपति अेक होता है। ऐसे ही अनेक देशो का विश्व बनता है और उनका सर्वोच कर्ता-हर्ता अेक है। और अेक कौन ? वह सर्वोच सत्ता है। वह परमात्मा अेक है। और हम सब अेक परिवार के है। इस महोत्सव में महंत श्री वल्कुबापु,कलेक्टर भ्रता डी.ओ. सत्या साहेब,ब्र.कु. डो. गीरीश पटेल,ब.कु. गीताबहन उपस्थित रहे।

बाद में तीन दीन ब्र.कु. डो. गीरीश भाई ने शिबिर कराई जिनके दो सब्जेक्ट रहे- सबेरे के समय तनाव मुक्ति से तंदुरस्ती और सांय के समय सफलता का रहस्य । ब्र.कु. डो. गीरीशभाई ने बताया की इस भागदौड वाली दुनिया में सभी बहुत ही तनावग्रस्त है। जिससे लोग अनेक बीमारीयों के भोगी बनते है। तनवा से मुक्त से रहेने के लिए १८ सोनेरी नियम बताए और मन की शक्ति से कैसे हम रोगमुक्त बने और सुस्वास्थय प्राप्त करे यह बताया। हताशा भर्या जीवन में कैसे सफल आंनदमयी जीवन व्यतित कर सकते है उनकी चाबी बतायी। सभी को परम सत्य की पहचान और राजयोग से कैसे सफल जीवन जी सकते है वह वीधी बतायी।